an>

Title: Need to construct a Rail Over Bridge at the railway crossing located between Jagdam College and Rajendra Sarovar in Chhapra district of Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : महोदया, बिहार के छपरा जिले में जगदम महाविद्यालय और राजेन्द्र सरोवर के मध्य रेल सम्पार वर्तमान में आम जनता के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। यह सम्पार, जो कि छपरा कचहरी रेलवे स्टेशन और छपरा जंक्शन के मध्य स्थित है, इस रेलवे लाइन पर दिनभर रेल गाड़ियों और माल गाड़ियों का आवागमन लगा रहता है, परिणास्वरूप दिन में अनगिनत बार सम्पार का गेट खुलता और बंद होता रहता है। चूंकि एक महत्वपूर्ण कॉलेज एवं शिक्षण संस्थान रेलवे समपार के उत्तर में है। इसकी वजह से कई बार ऐसा हुआ है कि छात्रों की परीक्षा भी समपार ज्यादा समय तक बंद रहने की वजह से छूट गयी है। कई बार उस पर से इस पार टाउन में जो मरीज आते हैं, उनको दम भी तोड़ना पड़ा है।

महोदया, मैं माननीय रेल मंत्री जी से आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि उस सम्पार पर ओवरब्रिज शीघ्र बनाएं ताकि वहां के लोगों को समपार पर आने जाने में हो रही कठिनाइयों से निजात मिल सके और पूरे जिले के लोगों को सुविधा हो सके। अध्यक्ष महोदया आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय को सदन में उठाने का समय दिया इसके लिए आपका धन्यवाद करता हूँ।